रेल भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे
बाल्मीकि चौराहा, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज
वेबसाइटः www.rrcpryj.org

## Junior Technical Associates (JTA) Works के अंतर्गत दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण के संबंध में सूचना।

1. Junior Technical Associates (JTA) Works पर संविदा के आधार पर भर्ती हेतु दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण **दिनांक 18.10.2023** एवं 19.10.2023 को रेल भर्ती प्रकोष्ठ कार्यालय में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि को बिना किसी पूर्व सूचना के परवर्तित करने का अधिकार रेल भर्ती प्रकोष्ठ प्रयागराज के पास सुरक्षित है।
2. अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन एवं अभ्यर्थन सत्यापन तथा चिकित्सा परीक्षण हेतु ई–कॉल लेटर रेल भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की वेबसाइट www.rrcpryj.org से निर्धारित तिथि से पूर्व डाउनलोड कर सकते है।
3. दस्तावेज एवं अभ्यर्थन सत्यापन हेतु बुलाये जा रहे अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वह ई–बुलावा पत्र में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सत्यापन हेतु निम्न दस्तावेजों एवं प्रत्येक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के दो सेट के साथ सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करें।

(क) जन्म तिथि और शैक्षनिक प्रमाण पत्र। (आवेदन में दिए गए उम्मीदवार के नाम और पिता/मॉ के नाम का सत्यापन इस प्रमाण में दिए गए नाम से किया जाएगा)।

(ख) अनुलग्नक–। के अनुसार फार्मेट में अजा/अजजा प्रमाणपत्र

(ग) अनुलग्नक–।। के अनुसार दिए गए फार्मेट में अ. पि. व. –गैर–क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र।

(ड़) अनुलग्नक–।।। के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए परीक्षा शुल्क में छूट के लिए आय प्रमाणपत्र।

(च) आधार कार्ड के दोनों तरफ की फोटो कॉपी

(छ) नाम में औपचारिक बदलाव के मामले में सरकारी अधिसूचना और/या कोई कानूनी दस्तावेज।

(ज) ट्रांसजैंडर उम्मीदवारों द्वारा स्व–प्रमाणन।

(झ) जम्मू एवं कश्मीर डोमसाइल प्रमाणपत्र।

(ञ) सक्षम न्यायालय से तलाक/कानूनी वियोजन का आदेश (डिक्री) यथा लागू और शपथ पत्र की उम्मीदवार ने पुनर्विवाह नहीं किया है।

(ट) विधवा उम्मीदवार के मामले में पति की मृत्यु प्रमाण पत्र और शपथपत्र कि उम्मीदवार ने पुनर्विवाह नहीं किया है।

(ठ) पासपोर्ट आकार के चार फोटोग्राफ।

(ड) मूल आवेदन पत्र की एक प्रिंटेड प्रति।

**दस्तावेज सत्यापन के समय अपने मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।**

4. दस्तावेज सत्यापन के अगले कार्य दिवस को चिकित्सा परीक्षण हेतु रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज द्वारा आवंटित उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद, कानपुर, आगरा, झाँसी में स्थित चिकित्सालयों में से किसी एक में रिपोर्ट करना होगा, अभ्यर्थियों को एक से अधिक दिन तक रूकना पड़ सकता है। अतः इन्हें इसके लिए विधिवत तैयार होकर आना चाहिए, इसके लिए कोई भी भत्ता अदा नहीं दिया जायेगा। उन्हें रहने, खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। तिथि समय एवं स्थान में परिवर्तन हेतु किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. दिनांक 18.10.2023 एवं 19.10.2023 को आयोजित दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में किसी कारणवश निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं हो पाने वाले अभ्यर्थियों को यदि रेल प्रशासन उनकी अनुपस्थिति के कारण को उचित समझता है तो ऐसे उम्मीदवारों को 20.10.2023 को दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम मौका दिया जा रहा है इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य मौका देय नहीं होगा एवं इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. उल्लेखनीय है कि दस्तावेज सत्यापन मात्र प्रक्रिया में एक चरण है। दस्तावेज के सत्यापन हेतु मात्र बुलाया जाना यह संकेत नहीं करता है कि उसका नाम अंतिम मेरिट सूची में भी होगा। विचार के दायरे से निष्कासन सहित मेरिट स्थिति में परिवर्तन हो सकता है। भर्ती के किसी भी चरण में दिशा–निर्देशों/शर्तों/आवश्यक अर्हताओं को पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।
7. यद्यपि परीक्षा परिणामों की तैयारी में सभी पूर्व सावधानियॉ बरती गई है, रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज त्रुटियों तथा भूलों, यदि कोई हो के सुधार हेतु अधिकार सुरक्षित रखता है। रेल भर्ती प्रकोष्ठ/प्रयागराज मुद्रण त्रुटियों हेतु जिम्मेदार नहीं होगा। रेल भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे असफल अभ्यर्थियों से किसी प्रकार के पत्र व्यवहार के लिए अपनी असमर्थता व्यक्त करता है।

8. <u>चेतावनीः</u>

– प्रभाव दिखाकर या अनुचित और अनैतिक साधनों के इस्तेमाल से रेलवे में नौकरी दिलाकर कपट करने वाले दलालों और नौकरी दिलाने वाले घोटालेबाजों से सावधान रहें। रेलवे ने इस हेतु किसी एजेंट या कोचिंग केंद्र की नियुक्ति नहीं की है। उम्मीदवारों को ऐसे व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले दावों के बारे में सचेत किया जाता है। उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर होता है। अनैतिक तत्वों से सावधान रहें और उनके चंगुल में न फंसे। रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ को अप्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

– उम्मीदवारों को केवल रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ की आधिकारिक वेबसाइट से परामर्श लेने और अनैतिक तत्वों/दलालों द्वारा बनाई गई जाली वेबसाइटों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।

दिनांक 12.10.2023 अध्यक्ष

**Notification No.136-E/Dy.CPO/C/Contractual Basis**
**POST : JUNIOR TECHNICAL ASSISTANT (JTA) (Purely Temporary) MERIT LIST**

| Documents Verification Date-18-10-2023(08:30) | | | |
|---|---|---|---|
| 000042 | 002073 | 011981 | 017756 |
| 000125 | 002186 | 012100 | 017800 |
| 000133 | 002244 | 014240 | 017913 |
| 000144 | 002279 | 014343 | 017990 |
| 000225 | 002407 | 014911 | 018333 |
| 000358 | 002449 | 015158 | 018352 |
| 000399 | 002584 | 015267 | 018521 |
| 000464 | 002912 | 015393 | 018523 |
| 000474 | 003477 | 015499 | 018739 |
| 000507 | 003733 | 015521 | 018769 |
| 000523 | 003848 | 015672 | 018835 |
| 000542 | 003974 | 015868 | 018931 |
| 000682 | 004148 | 015884 | 018938 |

| Documents Verification Date-19-10-2023(08:30) | | | |
|---|---|---|---|
| 000779 | 005309 | 016036 | 018978 |
| 000841 | 005535 | 016204 | 019053 |
| 000868 | 005694 | 016334 | 019093 |
| 000898 | 005725 | 016375 | 019102 |
| 000901 | 006102 | 016886 | 019144 |
| 000904 | 007831 | 016997 | 019149 |
| 000908 | 008236 | 017014 | 019291 |
| 000910 | 008503 | 017049 | 019300 |
| 000964 | 009212 | 017054 | 019323 |
| 000993 | 010293 | 017303 | 019362 |
| 001349 | 010350 | 017429 | 019430 |
| 001376 | 010597 | 017582 | |
| 001772 | 010995 | 017651 | |
| 001976 | 011865 | 017660 | |